प्रेस नोट –

थाना बबीना, झाँसी

दिनांक 26.04.2025

दस चक्का ट्रक में छुपा कर तस्करी हेतु ले जा रहे 03 कुंतल से अधिक अवैध गाँजा (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) के साथ अन्तर्राज्यीय शातिर तस्कर गिरफ्तार-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 25.04.2025 को थाना बबीना पुलिस टीम द्वारा स्वाट, सर्वेलन्स टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद निवासी जद्दू परसिया थाना नियर पकड़ी बाजार जिला देवरिया हाल पता जीवन नगर गली नम्बर 15 हाउस नम्बर 199 फोकल प्वाइन्ट लुधियाना उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से ट्रक (PB 13 AB 3517) में काजू के छिलके के नीचे ट्रक की बॉडी में पटरों के नीचे छिपाकर ले जा रहे 300 पैकेट गाँजा कुल 311.437 कि0ग्रा0 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना बबीना पर मु0अ0सं0 098/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनाँक 25.04.2025 को थाना बबीना पुलिस टीम द्वारा जनपदीय स्वाट व सर्वेलन्स टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर समय 16:50 बजे झाँसी ललितपुर हाईवे पर स्थित गोविन्दिम ढाबा के पास हाईवे के किनारे खड़े ट्रक (PB 13 AB 3517) से अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद निवासी जद्दू परसिया थाना नियर पकड़ी बाजार जिला देवरिया हाल पता जीवन नगर गली नम्बर 15 हाउस नम्बर 199 फोकल प्वाइन्ट लुधियाना उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त ट्रक में लदे माल के सम्बन्ध में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि ट्रक में लोड माल के नीचे अवैध गाँजा भरा हुआ है। जिस पर उक्त व्यक्ति की निशादेही पर उक्त ट्रक (PB 13 AB 3517) में लदे माल काजू के छिलके के नीचे ट्रक की बाडी में पटरों के नीचे छिपाकर ले जा रहे 300 पैकेट गाँजा कुल 311.437 कि0ग्रा0 बरामद किया गया। गाँजे के सम्बन्ध में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह उक्त गाँजा उड़ीसा सोनपुरा से लाकर लुधियाना में ले जाकर बेचने जा रहा था। यह कार्य वह अपने साथी जिसका नाम पण्डित निवासी लुधियाना है, के साथ मिलकर इसी ट्रक से अवैध गाँजे की तस्करी करता है। इस बार उसे कुछ काम था तो वह नहीं आया। ट्रक में जहाँ गाँजा छुपाया गया है उस ढाँचे को उडीसा में बनवाया गया था। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना बबीना पर मु0अ0स0 098/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त का नाम व पता- विनोद कुमार पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद नि0 जद्दू परसिया थाना नियर पकडी बाजार जिला देवरिया हाल पता जीवन नगर गली नम्बर 15 हाउस नम्बर 199 फोकल प्वाइन्ट लुधियाना उम्र करीब 27 वर्ष

बरामद माल का विवरण - ट्रक (PB 13 AB 3517) में 300 पैकेट गाँजा कुल 311.437 कि0ग्रा0 **(कीमती करीब 01 करोड़ रूपये)**

दबिश देने वाली थाना पुलिस टीम –

1.थानाध्यक्ष अजमेर सिंह भदौरिया थाना बबीना ,झाँसी।

2.उ0नि0 दिनेश कुमार गिरि चौकी प्रभारी बीएचईएल थाना बबीना ,झाँसी।

3.उ0नि0 प्रदीप शर्मा थाना बबीना ,झाँसी।

4.उ0नि0 कैलाश चन्द्र थाना बबीना ,झाँसी।

5.हे0का0 273 हरेन्द्र सिंह थाना बबीना ,झाँसी।

6.हे0का0 207 राकेश बाबू थाना बबीना ,झाँसी।

7.का0 936 अमित तिवारी थाना बबीना ,झाँसी।

8.का0 1573 लवकुश पाण्डेय थाना बबीना ,झाँसी।

सर्वेलन्स / स्वाट टीम –

1.नि0 राहुल राठौर प्रभारी सर्विलांस सेल

2.उ0नि0 जितेन्द्र तक्खर प्रभारी स्वाट टीम

3.हे0का0 दुर्गेश सिंह सर्विलांस सेल

4.हे0का0 रजनीश चौहान सर्विलांस सेल

5.हे0का0 सौरभ सर्विलांस सेल

6.हे0का0 सदानन्द यादव स्वाट टीम

7.हे0का0 शैलेन्द्र चौहान स्वाट टीम

8.का0 रजत स्वाट टीम

9.का0 हर्षित चौहान स्वाट टीम

10.का0 मो0 अतीक स्वाट टीम

11.का0 सौरभ सिंह स्वाट टीम